# चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## ई–निविदा सूचना(अल्पकालीन)

निविदा सूचना संख्या : वित्त / .....11........ दिनॉक : 06/4/23

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुरानी कैन्टीन भवन में दुकान संख्या–1 (सैलून हेतु) एवं दुकान संख्या–3 (जनरल स्टोर) को किराये पर दिया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर सकते है तथा ई–निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in तथा http://etender.up.nic.inसे प्राप्त कर सकते हैं। ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 17.04.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे तक है। इसी दिन स्वेच्छा से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी बिड इसी दिन निविदा समिति द्वारा समिति कक्ष में खोली जायेगी।

वित्त अधिकारी

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## विश्वविद्यालय परिसर में पुरानी कैन्टीन भवन में दुकानों को किराये पर देने हेतु ई–निविदा(अल्पकालीन) तकनीकी बिड प्रपत्र भाग–1

पत्रांक सं0 : वित्त/..11..
दिनांक : ..06/4/23..
निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू0 1000/–
5 प्रतिशत जी0एस0टी0: रू0 50/–
कुल योग : रू0 1050/–

वित्त अधिकारी

सेवा में,

वित्त अधिकारी,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुरानी कैन्टीन भवन में दुकान संख्या–1 (सैलून हेतु) एवं दुकान संख्या–3 (जनरल स्टोर) को किराये पर दिया जाना है। उपयुर्क्त विषयक निर्गत ई–निविदा सूचना संख्याः वित्त/........ दिनॉक ............................ का सन्दर्भ ग्रहण करें। विश्वविद्यालय की निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्ते मैंने/हमने भली–भॉति पढ़ी है एवं उनके अनुसार मैंने/हमने समस्त अभिलेख/पत्राजात तकनीकी बिड में अपलोड किये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्ते हमें स्वीकार्य हैं।

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

# <u>सामान्य विवरण</u>

1. फर्म/ठेकेदार का नाम...........................................................................................................
2. फर्म/ठेकेदार का पूर्ण पता (डाक का पता) ..........................................................................................

   ..............................................................................................................................

3. दूरभाष नं0.......................................................................................................................
4. मोबाईल नं0 .....................................................................................................................
5. ई–मेल का पताः ..................................................................................................................
6. G.S.T.पंजीकरण संख्याः ..........................................................................................................
7. आयकर पंजीकरण संख्या (पैन संख्या)/टैन संख्या ...........................................................................
8. यू0टी0आर0 संख्या एवं दिनांक ..................................................................................................

**Bank Name: Indian Bank, Meerut University Branch, Meerut.**
**A/c. No. : 50488321629 (e-Tender C.C.S.University, Meerut)**
**IFS Code No.: IDIB000M690.**

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

## घोषणा

मैं/हम कथन करते हैं कि उपरोक्त सभी कथन मेरे/हमारे संज्ञान में पूर्णतः सत्य है। किसी भी सूचना के असत्य/भ्रामक होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा हमारी फर्म के विरुद्ध लिये गये निर्णय को स्वीकार करेगें तथा उसके विरुद्ध किसी प्रकार की अपील नहीं करेगें।

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

## नियम व शर्तेः–

1. दुकान संख्या–1 सैलून के लिये धरोहर राशि रू0 50,000/– तथा दुकान संख्या–3 (जनरल स्टोर) के लिये धरोहर राशि रू0 1,00,000/– को बिड के साथ जमा करना अनिवार्य है।
2. सफल निविदादाता द्वारा जमा की गयी उक्त धनराशि को धरोहर राशि के रूप में जमा माना जायेगा जिसकी समयावधि निविदा समाप्ति तक रहेगी।
3. निविदादाताद्वारा PAN/TAN/GST की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निविदादाता द्वारा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी Shop & establishment act certificate की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. सफल निविदादाता को रू. 100/– के स्टॉम्प पेपर पर निविदा के सभी नियम व शर्तो का पालन करने का अनुबन्ध करना होगा।
6. केन्द्र सरकार तथा उ0प्र0 के किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड/डिबार निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अनुमति नहीं है। अतः निविदादाता द्वारा इस आश्य का Non-Black listing/Affidavit संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा बिड निरस्त कर दी जायेगी।
7. सफल निविदादाता को कार्य किसी अन्य फर्म को हस्तान्तरित करने तथा दुकान का क्षेत्र या कोई हिस्सा किसी अन्य को देने की अनुमति नहीं होगी।
8. निविदादाता को बिल्डिंग विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। अनुबन्ध अवधि के दौरान इसके रख–रखाव की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी तथा कोई टूट फूट होने पर मरम्मत का कार्य निविदादाता द्वारा ही किया जायेगा।
9. उपकरण यथा कूलर, वाटर कूलर, फ्रिज, अलमारी, फर्नीचर, फाल्स सीलिंग, काउन्टर, अग्नि शमन यन्त्र आदि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी।
10. निविदादाता का प्रस्ताव स्वीकार करने के उपरान्त भी कोई अभिलेख गलत पाये जाने की स्थिति में उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। सशर्त निविदायें किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।
11. बिजली आपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा सबमीटर के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। जिस पर आने वाले व्ययभार का भुगतान विश्वविद्यालय को व्यवसायिकी दर पर निविदादाता द्वारा किया जायेगा।
12. निविदादाता के सभी कर्मचारी 18 वर्ष से ऊपर के होने चाहिए। सभी कर्मचारी स्वस्थ होने चाहिए। सभी कर्मचारी उच्च श्रेणी के आचार–व्यवहार वाले होने चाहिए। उनके द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन/किसी अवॉछनीय गतिविधियों में संलिप्तता दण्डरीय होगी। प्रत्येक कर्मचारी के गले में हर समय लटकाने वाला पहचान पत्र होना चाहिए। इस पहचान पत्र पर फर्म का नाम, कर्मचारी का फोटो, कर्मचारी का नाम, कर्मचारी का पदनाम, फर्म के प्रोपराइटर का नाम एवं मोबाइल नम्बर बड़े अक्षरों में हिन्दी में छपा होगा। पहचान पत्र बनानें के लिए अलग से कोई भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा।

13. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थान एवं उसके आस–पास के स्थान को स्वच्छ रखने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी। निविदादाता को साफ–सफाई में उपयोग किये जाने वाले रसायन/फिनाइल इत्यादि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
14. निविदादाताविश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये स्थान के अतिरिक्त अतिक्रमण नहीं करेगा।
15. दुकानों का बेस किराया विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से निश्चित कर दिया गया है। निश्चित की गयी दर से कम दर पर विचार नहीं किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा प्रतिवर्ष किराये में वृद्धि पर विचार किया जायेगा।
16. दुकान संख्या 1 एवं 3 को बेस किराया मूल्य रू0 5,000/– (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) होगा।
17. अधिकतम किराया quote करने वाली फर्म को चयनित किया जायेगा किन्तु किराये के एवज में छात्रों को उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं के मूल्य में कोई वृद्दि नहीं की जायेगी अर्थात उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं एवं वस्तुओं की दरें बाजार के अनुरूप होगी।
18. निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह निविदा में भाग लेने से पहले स्थलीय निरीक्षण कर व्यवसाय का आंकलन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय व्यवसाय में लाभ–हानि की कोई गारंटी नहीं लेगा।
19. एक निविदादाता को केवल एक दुकान ही आवटिंत की जायेगी तथा निविदादाता के सगे–सम्बन्धी (ब्लड रिलेटिव) को भी अन्य दुकान आवटिंत नहीं की जायेगी। इस हेतु निविदादाता को एक शपथ पत्र देना होगा।
20. विश्वविद्यालय किसी भी स्टाफ/कार्मिक/छात्र के बिल के भुगतान/उधार के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
21. विश्वविद्यालय किसी भी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी/अधिकारी/शिक्षक/छात्र के परिवार इस बिड में भाग नहीं ले सकते।
22. असावधानीवश कोई दुर्घटना घटने के कारण होने वाले घायल/नृत्यु के लिए सेवाप्रदाता फर्म जिम्मेदार होगी। किसी भी दशा में विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
23. यदि निविदादाता अनुबन्ध अवधि से पूर्व कार्य छोड़ना चाहता है तो उसे तीन महीने पहले नोटिस देना होगा।
24. निविदादाता को अनुबन्ध समाप्त होने पर विश्वविद्यालय की समस्त देयताओं को निस्तारित करना होगा निस्तारण न होने की स्थिति में धरोहर राशि जब्त की जायेगी।
25. निविदा की वैद्यता अवधि अनुबन्ध पत्र निष्पादित होने की तिथि से एक वर्ष तक ही है। संतोषजनक सेवा होने पर विश्वविद्यालय द्वारा अनुबन्ध अवधि विस्तारित की जा सकती है। किन्तु किसी विषम परिस्थितियों में वैधता तिथि से पूर्व अथवा बाद में कभी भी नयी निविदायें आमंत्रित की जा सकती हैं, इस पर क़िसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। इस विषय में मा0 कुलपति जी का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
26. किसी विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति का निर्णय सर्वोपरि होगा एवं निविदादाता फर्म को मान्य होगा। किसी विधिक विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र, मेरठ होगा।

निविदा शर्तों में उपरोक्त वांछित सूचनाऐं एवं प्रपत्र फर्म/एजेन्सी द्वारा पूर्ण कर दी गयी हैं। उपरोक्त शर्ते हमें मान्य हैं।

**निविदा के साथ वांछित प्रपत्रों एवं संलग्नकों का विवरण : –**

1.
2.

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## विश्वविद्यालय परिसर में पुरानी कैन्टीन भवन में किराये पर देने हेतु
## ई–निविदा(अल्पकालीन) वित्तीय बिड प्रपत्र

पत्रांक सं0 : वित्त/11
दिनांक : 06/4/23
निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू0 1000/
5 प्रतिशत जी0एस0टी0: रू0 50/–
कुल योग : रू0 1050/–

वित्त अधिकारी

सेवा में,

वित्त अधिकारी,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुरानी कैन्टीन भवन में दुकान संख्या–1 (सैलून हेतु) एवं दुकान संख्या–3 (जनरल स्टोर) को किराये पर दिया जाना है। उपयुर्क्त विषयक निर्गत ई–निविदा सूचना संख्याः वित्त/........ दिनॉक ............................ का सन्दर्भ ग्रहण करें। उपरोक्त हेतु तकनीकी बिड में निर्धारित निविदा शर्तों का पालन करने हेतु हम पूर्णतः वचनबद्ध हैं। ई–निविदा प्रपत्र मूल्य तथा धरोहर राशि हमने जमा कर दी है तथा अपनी दरें निम्न विवरणानुसार विश्वविद्यालय को प्रेषित कर रहें।

## ई–निविदा वित्तीय बिड प्रपत्र

| क्र0 सं0 | दुकान संख्या | बेस किराया मूल्य (जी एस टी अतिरिक्त ) | किराया (जी एस टी अतिरिक्त ) |
|---|---|---|---|
| 1 | दुकान संख्या–1 (सैलून हेतु) | रू0 5000/– (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | |
| 3 | दुकान संख्या–3 (जनरल स्टोर) | रू0 5000/– (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | |

(हस्ताक्षर निविदादाता)
फर्म का नाम एवं पूर्ण पता मोहर सहित